आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
मंगलवार 07.01.2025
समय 7.20

मुख्य समाचार :–

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा––पंचायती राज संस्थाएं महिला सशक्तीकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।
- मुख्य सचिव ने सभी जिलाधिकारियों को प्रवासियों से संपर्क और समन्वय के लिए हर जिले में एक–एक नोडल अधिकारी नियुक्त करने के निर्देश दिए हैं।
- मुख्यमंत्री ने केंद्र सरकार से राज्य में जल जीवन मिशन के तहत किए जा रहे कार्यों को पूरा करने के लिए धनराशि जारी करने का अनुरोध किया।
- उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने बागेश्वर की कांडा तहसील में खड़िया खनन पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाई।

सम्मेलन संबोधन–राष्ट्रपति

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा कि सरकार अनुसूचित जनजाति सहित समाज के सभी वर्गों के उत्थान के लिए काम कर रही है। राष्ट्रपति मुर्मु ने नई दिल्ली में राष्ट्रपति भवन में आयोजित विभिन्न राज्यों के पंचायती राज संस्थाओं से जुडी अनुसूचित जनजाति की महिला प्रतिनिधियों के एक सम्मेलन को संबोधित करते हुये कहा कि महिला सशक्तिकरण देश में लोकतंत्र का आधार है।

मुख्य सचिव

मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने सभी जिलाधिकारियों को प्रवासियों से संपर्क और समन्वय के लिए हर जिले में एक–एक नोडल अधिकारी नियुक्त करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि देश और दुनियाभर से बड़ी संख्या में उत्तराखण्ड मूल के प्रवासी गांवों को विकास के लिए गोद लेने के आवेदन प्राप्त हो रहे हैं। मुख्य सचिव ने प्रवासियों की पहल का स्वागत करते हुए कहा कि प्रवासी जिस भी क्षेत्र में गांवों को गोद लेना चाहते हैं, वहां व्यवधान उत्पन्न न किया जाए। प्रवासियों को उनकी इच्छा और रूचि के अनुसार सभी विकल्प दिए जाए। मुख्य सचिव ने जिला प्रशासन और सम्बन्धित विभागों को प्रवासियों को तकनीकी मार्गदर्शन व अन्य अपेक्षित सहायता उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिए हैं।

तैयारियां

राज्य में 38वें राष्ट्रीय खेलों की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। इसी क्रम में नैनीताल जिले के इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम, गौलापार में बीएसएनएल ने अपनी तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया है। बीएसएनएल के स्टेडियम में फिजिबिलिटी जांच पूरी कर टेलीकॉम लाइनें स्थापित कर दी हैं। हालांकि, इन लाइनों के माध्यम से दूरसंचार और इंटरनेट सेवाओं को लेकर अंतिम फैसला लिया जाना बाकी ळें बीएसएनएल बिजनेस एरिया नैनीताल के उप महाप्रबंधक भीम बहादुर सिंह ने बताया कि खेलों के सफल

आयोजन के लिए 100 एमबीपीएस से लेकर एक जीबीपीएस तक की लीज लाइन की संभावित आवश्यकता हो सकती है।

समीक्षा

उच्च एवं तकनीकी शिक्षा सचिव डॉ. रंजीत कुमार सिन्हा ने कुमाऊँ विश्वविद्यालय में वरिष्ठ अधिकारियों और विभागाध्यक्षों के साथ बैठक कर शैक्षणिक व प्रशासनिक कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने बदलते दौर में तकनीकी नवाचार और लगातार सीखने की आवश्यकता को रेखांकित किया। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर देते हुए डॉ. सिन्हा ने छात्रों के समग्र विकास के लिए हरसंभव सरकारी सहायता का आश्वासन दिया। इसके बाद डॉ. सिन्हा ने डीएसबी परिसर का दौरा कर प्रवेश, परीक्षा और शोध विभागों की कार्यप्रणाली का निरीक्षण किया। बैठक के बाद कुमाऊँ विश्वविद्यालय शिक्षक संघ (कूटा) और उत्तराखंड विश्वविद्यालय शिक्षक संघ (उटा) ने ज्ञापन सौंपकर संविदा प्राध्यापकों के नियमितीकरण, वेतन सुधार और व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के लिए उद्योगों से करार की मांग की।

नियुक्ति

नैनीताल उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति के रूप में जस्टिस आशीष नैथानी को न्यायाधीश नियुक्त किया गया है। भारत सरकार के संयुक्त सचिव ने इस आशय अधिसूचना जारी कर दी है। उच्चतम न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली कॉलिजियम ने उत्तराखंड हाई कोर्ट के पूर्व रजिस्ट्रार जनरल और कई जिलों में जिला न्यायाधीश रह चुके आशीष नैथानी को उत्तराखंड उच्च न्यायालय का न्यायाधीश नियुक्त करने की सिफारिश राष्ट्रपति को की थी।

शिष्टाचार भेंट

राज्य में जल जीवन मिशन—ग्रामीण के तहत संचालित कार्य अंतिम चरण में है। इस अभियान से उत्तराखंड के ग्रामीणों के जीवन की गुणवत्ता में काफी सुधार आया है। यह बात मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नई दिल्ली में केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी आर पाटिल से शिष्टाचार भेंट के दौरान कही। इस दौरान श्री धामी ने केंद्रीय मंत्री से जल जीवन मिशन के तहत किये जा रहे कामों को समय से पूरा करने के लिये वित्तीय वर्ष 2024—25 के लिये आवंटित अवशेष धनराशि जल्द उपलब्ध कराने का अनुरोध किया। मुख्यमंत्री ने गंगा और उसकी सहायक नदियों के अतिरिक्त अन्य नदी घाटियों पर स्थित जल विद्युत परियोजनाओं की स्वीकृति दिए जाने का आग्रह भी किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि धौली गंगा पर स्थित पिथौरागढ़ की सेला उर्थि जल विद्युत परियोजना गंगा बेसिन में नहीं है। इसलिए मंत्रालय से इस संबंध में सभी स्वीकृतियां प्रदान की जा सकती हैं।

खनन पर रोक

उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने बागेश्वर जिले की कांडा तहसील के कई गांवों में खड़िया खनन से हो रही गंभीर समस्याओं को लेकर स्वतः संज्ञान लेते हुए सख्त रुख अपनाया है। मुख्य न्यायाधीश जी. नरेंद्र और वरिष्ठ न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी की खंडपीठ ने मामले की गंभीरता को देखते हुए खड़िया खनन पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी है। कोर्ट कमिश्नर की ओर से सौंपी गई रिपोर्ट के आधार पर न्यायालय ने 9 जनवरी को निदेशक खनन और सचिव, औद्योगिक विभाग को व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर स्थिति स्पष्ट करने का निर्देश दिया है। रिपोर्ट में बताया गया है कि खननकर्ताओं ने न केवल वनभूमि बल्कि सरकारी भूमि पर भी नियमों का उल्लंघन करते हुए अवैध खनन किया, जिससे पहाड़ों में दरारें पड़ने लगी हैं और कोई हादसा हो सकता है। रिपोर्ट में इस खस्थिति के प्रमाण स्वरूप कई तस्वीरें और वीडियो भी प्रस्तुत किए गए हैं।

इसरो

इसरो द्वारा अंतरिक्ष में दो उपग्रहों के परीक्षण को 9 जनवरी तक स्थगित कर दिया गया है। पहले से निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार यह परीक्षण कल सुबह किया जाना था। सोशल मीडिया पर पोस्ट में इसरो ने बताया कि आज एक प्रतिकूल परिदृश्य में जमीनी अनुकरण के जरिए डॉकिंग प्रक्रिया को और वैधिकरण किए जाने की आवश्यकता है।

खेल आयोजन

प्रदेश की खेल मंत्री रेखा आर्य ने कहा कि 38वें राष्ट्रीय खेलों के सफल आयोजन की दिशा में प्रदेश एक और बड़ा कदम बढ़ा चुका है। गेम्स टेक्निकल कंडीशन कमेटी– जीटीसीसी की ओर से खेलों के पूरे कार्यक्रम, आयोजन स्थलों और विभिन्न आयोजन की संभावित तिथियों की सूची भेज दी गई है। श्रीमती आर्य ने बताया कि संभावित कार्यक्रम के अनुसार हर खेल प्रतिस्पर्धा में हिस्सा लेने वाली टीम प्रतियोगिता शुरू होने से दो दिन पहले उत्तराखंड पहुंच जाएगी। खिलाड़ियों और सपोर्टिंग स्टाफ के स्वागत के लिए तैयारियां अंतिम चरण में हैं। उन्होंने कहा कि देवभूमि में आने वाले सभी प्रतिभागियों का गर्मजोशी से स्वागत किया जाएगा।

मार्शल आर्ट

ओपन इंटरनेशनल कराटे चैंपियनशिप में हरिद्वार के कराटे मिक्स मार्शल आर्ट के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए तीन स्वर्ण और एक कांस्य पदक हासिल किया है। कराटे मिक्स मार्शल आर्ट के सचिव अमित कुमार चौधरी ने बताया कि 4 और 5 जनवरी को देहरादून में आयोजित चैंपियनशिप में देश के चौदह राज्यों के तीन खिलाड़ियों के अलावा रूस, नेपाल और इटली के खिलाड़ियों ने भी हिस्सा लिया। उन्होंने बताया कि तेजस त्यागी, सक्षम त्यागी व मनीष कुमार ने गोल्ड मेडल और अजय शर्मा ने ब्राउंज मेडल जीतकर हरिद्वार का नाम रोशन किया।

स्वच्छता

चमोली जिले के दशोली विकास खंड के ग्राम पंचायत टंगसा में महिला मंगल दल ने स्वच्छता अभियान चलाया। महिलाओं ने गांव के रास्तों, जल स्रोतों और सार्वजनिक स्थलों की सफाई की। महिला मंगल दल द्वारा हर 15 दिन में इस तरह का अभियान चलाकर ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने का प्रयास किया जाता है।

और एक नज़र समाचार पत्रों की सुर्खियों पर––

छत्तसीगढ़ के बीजापुर में हुए नक्सली हमले की ख़बर सभी समाचार पत्रों की सुर्खियों में है। नक्सली हमले में आठ जवान शहीद। इस शीर्षक के साथ राष्ट्रीय सहारा समाचार पत्र लिखता है– छत्तीसगढ़ के बीजापुर में बारूदी सुरंग में ब्लास्ट कर वारदात को दिया अंजाम। इसी ख़बर पर अमर उजाला ने लिखा है– 76 किलो आई.ई.डी से धमाका, बना 10 फीट गहरा गड्ढा।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से नई दिल्ली में मुलाकात को सभी समाचार पत्रों ने प्राथमिकता दी है। हिंदुस्तान समाचार पत्र की सुर्खी है– धामी ने मोदी से की आठ बाईपासव सड़कों की पैरवी, मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री से विकास कार्यों पर की लंबी चर्चा।

महाकुंभ में स्वच्छता को देवभूमि ने भी बढ़ाए हाथ। इस शीर्षक के साथ दैनिक जागरण लिखता है– राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने उत्तराखंड से ग्यारह हजार दो सौ इक्हत्तर थालियां और ग्यारह हजार चार सौ थैले भेजे प्रयागराज, महाकुंभ के दौरान विभिन्न सेवा कार्यों में सहयोग के लिये भी यहां से भेजे जांएगे कुंभ मित्र।

एच.एम.पी.वी वॉयरस के पांच मरीज देश में मिलने की ख़बर को नवोदय टाइम्स ने प्राथमिकता दी है। समाचार पत्र स्वास्थ्य मंत्री जे.पी नड्डा के हवाले से लिखता है– न डरें, न डरांए, यह कोई नया हौवा नहीं, घबराने की कोई जरूरत नही।

जमीनों के सर्किल रेट बदलेंगे, निकाय चुनाव के बाद होंगे लागू। इस ख़बर के साथ हिंदुस्तान समाचार पत्र लिखता है– वित विभाग ने शुरू की तैयारी, जिलों के प्रस्तावों का अध्ययन कर बनाया जा रहा फॉर्मूला।